मूल्य/धर्मार्थ : 1 पैसा
(केवल बहाईयों में वितरण हेतु)

बहाई समाचारपत्र

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO Delhi on 10/11.01. 2024

Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg. New Delhi - 110 001 - INDIA

वर्ष : 60 अंक 01 प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख

जनवरी 2024 बहाई वर्ष : 180

विश्व न्याय मन्दिर

..."कितना विशाल है बहाउल्लाह का प्रकटीकरण! इस युग में मानवजाति को प्रदत्त उनके आशीर्वादों की विराटता कितनी अपार है! इसके बावजूद, उनके महत्व और उनकी गरिमा के बारे में हमारी संकल्पना कितनी अपर्याप्त है! यह पीढ़ी एक विराट प्रकटीकरण के इतना निकट खड़ी है कि वह उनके धर्म की असीम संभावनाओं, उसकी अभूतपूर्व प्रकृति और उनकी दूरदर्शिता के रहस्यमय दिव्य–विधान को सम्पूर्णता से समझने में सक्षम नहीं है।"

—28 नवम्बर, 2023

झारखण्ड में होने वाली गतिविधियाँ

• जमशेदपुर बहाई केंद्र में सहशिक्षक के रूप में उत्तर प्रदेश के बहाई मित्र के मार्गदर्शन में झारखण्ड के 22 मित्रों ने पीएसए कार्यक्रम (सामाजिक क्रिया की तैयारी) की पहली पुस्तक वर्णन के प्राथमिक तत्व इकाई एक गुणधर्म का अध्ययन 23 से 27 नवम्बर 2023 तक उत्साहपूर्वक वातावरण में सम्पन्न किया। ज्ञात हो कि झारखण्ड में पीएसए का यह प्रथम सेमिनार था जो संपन्न हुआ है। इस सेमिनार में राज्य के 8 क्लस्टरों के 12 समुदायों से मित्रों ने भाग लिया, जिसमें से अधिकतर मित्र किसी न किसी रूप में संस्थाओं तथा एजेंसियों में सेवा दे रहे हैं और सेवा तथा रूही पुस्तकों का अधिक से अधिक अध्ययन किए हुए हैं। यह पुस्तक सामाजिक क्रिया की तैयारी नामक FUNDAEC के शैक्षिक कार्यक्रम की ग्यारह पाठ्यपुस्तकों में से एक है। इस पुस्तक का मुख्य उद्देश्य उन पुरुषों और महिलाओं की क्षमता को बढ़ाना है जो अपने समुदाय के बदलाव में अपना समय और ऊर्जा को लगाना चाहते हैं। इस पुस्तक की प्रत्येक इकाई भाषा, गणित, विज्ञान और सामुदायिक जीवन की प्रक्रियाओं की दिशा में प्रतिभागियों के एक या अधिक सामर्थ्यों को विकसित करने में सहायता करती है। इस पुस्तक के माध्यम से मित्रों में आसपास की दुनिया का वर्णन करना, विभिन्न आकारों को पहचानने, वस्तुओं के अमापो और स्थान के बारे में गहरी समझ विकसित हुई। प्रतिभागी इस इकाई के पहले कुछ अध्यायों से ऐसी अवधारणाओं और शब्दों से परिचित हुए जिनका उपयोग एक अत्यन्त आधारभूत स्तर पर वर्णन करने के लिये किया जाता है : जैसे आकार, माप और स्थान। इसके बाद वस्तुपरक और व्यक्तिपरक वर्णन की संक्षेप में जाँच की जाती है और इसके बाद पदार्थ के ठोस, तरल और गैसीय रूपों की सामान्य गुणधर्मों की समीक्षा की जाती है। इसके बाद विशिष्ट पदार्थों के कुछ गुणधर्मों की–जैसे कि गलनांक और क्वथनांक, रंग, घनत्व और कठोरता की जाँच की जाती है। गुणधर्म की अवधारणा का उपयोग मनुष्यों के गुणों की चर्चा आरम्भ करने के लिए किया गया है; इनमें से, सत्यवादिता, न्याय और प्रेम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है। इसी ढंग से, अन्तिम अध्याय में मित्रों से ऐसे समुदायों की विशेषताओं के बारे में सोचने को कहा गया था, जिनका निर्माण उन्हें, आने वाले परिवर्तन के अभिकर्ता के रूप में करना होगा। प्रत्येक पाठ को ''विस्तार'' और ''चिन्तन'' के उद्देश्यों को ध्यान में रख कर पूरा किया गया। ''विस्तार'' में आमतौर पर उस ज्ञान के अन्य

शेष पृष्ठ 4 पर



पीएसए कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागी

इस अंक में

बिहार में आयोजित गतिविधियाँ

• "विकास के एक सघन कार्यक्रम की प्रगति की कुंजी वह चरण है जो समीक्षा को समर्पित होता है, जिसमें पहल द्वारा सीखे गए पाठों का स्पष्टतापूर्वक बखान किया जाता है और उन्हें गतिविधियों के अगले चक्र की योजनाओं में शामिल किया जाता है। इसकी प्रमुख विशेषता समीक्षा बैठक होती है तो उतना ही आनन्ददायक उत्सव का समय होता है जितना गंभीर परामर्श का। जटिल और विस्तृत प्रस्तुतियों के स्थान पर प्रतिभागितापूर्ण चर्चाओं द्वारा अनुभव का ध्यानपूर्वक विश्लेषण से, संकल्पना की एकता को बनाये रखने, विचार की स्पष्टता को प्रखर बनाने और उत्साह को बढ़ाने में योगदान मिलता है।"

बिहारशरीफ उपक्षेत्र के सिकन्दरा क्लस्टर की प्रथम समीक्षा बैठक नवाडीह समुदाय में 10 दिसम्बर 2023 को प्रार्थनामय वातावरण के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में सभी मूलगतिविधियों से संबंधित अद्यतन स्थिति एवं आगामी योजनाओं के साथ–साथ प्रार्थना की महत्ता, 19 दिवसीय सहभोज, महोत्सव इत्यादि की महत्ता व गुणवत्ता से मित्रों को अवगत कराया गया। इस समीक्षा बैठक में लगभग 35 लोग शामिल हुए।

बिहारशरीफ उपक्षेत्र के ही नवादा जिला के अन्तर्गत गोविंदपुर क्लस्टर की प्रथम समीक्षा बैठक धनुपरी समुदाय में 11 दिसम्बर 2023 को आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न की गई। बैठक की शुरूआत अलग–अलग प्रार्थनाओं एवं एक सामूहिक प्रार्थना के साथ हुई।


हाजीपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल प्रतिभागी

पटना उपक्षेत्र के बिहटा क्लस्टर की प्रथम समीक्षा बैठक खोरहर समुदाय में 10 दिसम्बर 2023 को आयोजित की गई। प्रार्थनोपरांत सर्वप्रथम बच्चों, किशोरों तथा युवाओं द्वारा कक्षाओं में सीखे गए अनुभवों तथा कक्षा के सकारात्मक प्रभावों को बताया गया। कुछ बच्चों द्वारा कक्षा के दौरान सीखे गए गीत व किशोरों द्वारा अभिनय का कार्यक्रम भी हुआ। बैठक में कुल 70 मित्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ की। उपस्थित हुए मित्रों ने सर्वप्रथम समुदाय में संचालित गतिविधियों में तीव्रता लाने एवं पड़ोसी समुदाय–समूह को

शेष पृष्ठ 3 पर


गोविंदपुर क्लस्टर में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने वाले मित्रगण

बहाई विवाह



चंडीगढ़ के श्री अनिल यादव और सुश्री आंचल का विवाह 7 नवम्बर, 2023 को बहाई विधिविधान के अनुसार स्थानीय आध्यात्मिक सभा के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।



गुरुग्राम के श्री रूपचंद मंडल और सुश्री ज्योति मंडल का विवाह 22 नवम्बर, 2023 को पश्चिम बंगाल में बहाई विधिविधान के अनुसार स्थानीय आध्यात्मिक सभा के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।



उत्तर प्रदेश के श्री मुकेश कुमार रावत और गुरुग्राम की सुश्री जयवती का विवाह 23 नवम्बर, 2023 को बहाई विधिविधान के अनुसार स्थानीय आध्यात्मिक सभा के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।



जमशेदपुर के श्री कृष्णु चक्रवर्ती और गुरुग्राम की सुश्री त्रिशा आध्या का विवाह 7 दिसम्बर, 2023 को कोलकाता में बहाई विधिविधान के अनुसार स्थानीय आध्यात्मिक सभा के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

सिक्किम के मुख्यमंत्री से भेंटवार्ता



क्षेत्रीय बहाई परिषद सिक्किम और दार्जिलिंग के प्रयासों से सिक्किम बहाई समुदाय को राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग के साथ मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। इस बैठक के दौरान सिक्किम में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 3,00,000/– रुपये का योगदान दिया गया। इसके साथ ही, राज्य में बहाई धर्म को अल्पसंख्यक धर्म के रूप में मान्यता देने का अनुरोध भी किया गया। यह बैठक सिक्किम बहाई समुदाय के लिए लाभदायक साबित होगी।


बुंदेलखंड में बैठक का आयोजन



उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड सबरीजन के हमीरपुर, सरीला, बांदा के सभी कोऑर्डिनेटर, पायनियर, सबरीजनल कोऑर्डिनेटर और सीडीएफ के साथ बैठक हुई। बैठक की शुरुआत कुछ पवित्र लेख और प्रार्थनाओं से हुई, इसके बाद सभी ने अपना–अपना परिचय दिया। सभी के साथ कुछ सामग्री का अध्ययन किया गया। अध्ययन करने के बाद सभी क्षेत्र का विश्लेषण किया गया और कुछ योजनाएँ बनाई गईं, जैसे की सभी पीजी2 और पीजी3 के सभी क्लस्टरों में समीक्षा बैठक की जाए जो गतिविधि बंद हैं उनको फिर से शुरू किया जाए और साथ ही सभी गतिविधियों की पूरी जानकारी एसआरपी में अद्यतन की जाए।

नव प्रकाशित पुस्तक

प्रिय मित्रों, हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बहाई लिटरेचर एण्ड पब्लिकेशन ट्रस्ट द्वारा नई पुस्तक प्रकाशित की गई है। 344 पृष्ठ की इस पुस्तक का मूल्य मात्र दो सौ बीस रुपये है। डाक खर्च अतिरिक्त है।



आप हमारी वेबसाइट bahaipublishingtrust.in से इस पुस्तक को ऑनलाइन खरीद सकते हैं। पुस्तक का ऑर्डर फोन पर 91–11–40523382–84, या ईमेल bptindia@ibnc.in पर भी दे सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

बहाई लिटरेचर एण्ड पब्लिकेशन ट्रस्ट

एफ–3/6, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–1, नई दिल्ली–110020

सितम्बर 2023 तक मूल–गतिविधियों के सांख्यिकी आंकड़े

क्षेत्रीय/राज्य बहाई परिषद	भक्तिपरक बैठकों की संख्या	भक्तिपरक बैठकों में उपस्थिति	बच्चों की बहाई कक्षाओं की संख्या	बच्चों की बहाई कक्षाओं में उपस्थिति	किशोर समूहों की संख्या	किशोर समूहों में उपस्थिति	स्टडी सर्कल की संख्या	स्टडी सर्कल में उपस्थिति	कुल मूल गतिविधियां	मूल गतिविधियों में कुल उपस्थिति
आंध्र प्रदेश+	533	2026	57	334	29	184	11	50	630	2,594
असम+	1736	5143	92	660	40	260	12	57	1,880	6,120
बिहार	16495	104936	1687	14391	1286	10611	512	4091	19,980	1,34,029
छत्तीसगढ़	464	2257	14	108	8	60	3	20	489	2,445
गुजरात	2986	12216	185	1803	144	983	122	607	3,437	15,609
झारखण्ड	4420	23163	230	1681	160	1073	67	484	4,877	26,401
कर्नाटक	205	652	15	100	14	139	20	88	254	979
केरल	587	2377	12	98	14	73	5	13	618	2,561
मध्य प्रदेश	767	5510	103	1150	91	838	58	315	1,019	7,813
महाराष्ट्र+	11068	50551	1038	10661	810	7622	144	1069	13,060	69,903
मणिपुर+	441	1537	38	287	27	193	27	98	533	2,115
ओडिशा	3507	13467	184	1254	105	631	72	293	3,868	15,645
पंजाब+	1703	9045	96	735	78	658	41	540	1,918	10,978
राजस्थान	2048	17572	219	1904	150	1007	63	366	2,480	20,849
सिक्किम+	950	2985	117	814	69	601	26	152	1,162	4,552
तमिलनाडु+	12151	46083	614	4724	446	3082	536	2354	13,747	56,243
त्रिपुरा	3506	15652	231	1538	138	761	206	645	4,081	18,596
उत्तर प्रदेश+	98054	652899	5463	40511	3809	27203	1815	14827	1,09,141	7,35,440
पश्चिम बंगाल	34340	182062	3291	23256	2319	14706	1319	8846	41,269	2,28,870
कुल	1,95,961	11,50,133	13,686	1,06,009	9,737	70,685	5,059	34,915	2,24,443	13,61,742

बिहार में आयोजित गतिविधियाँ

पृष्ठ 1 का शेष

सशक्त करने की बात कही।

हाजीपुर उपक्षेत्र के नगरा क्लस्टर की प्रथम समीक्षा बैठक 17 दिसम्बर, 2023 को बदलू टोला समुदाय में सम्पन्न हुई, जिसमें कुल 130 मित्रों ने भाग लिया। उपस्थित मित्रों ने कुछ माह का मूल्यांकन करते हुए वर्तमान में संचालित गतिविधियों व उससे संबंधित अनुभव एवं चुनौतियों को साझा किया तथा आगामी त्रैमासिक योजना भी बनाई। मित्रों ने पास–पड़ोस में हो रहे परिवर्तनों को भी साझा किया कि कैसे जिज्ञासु गतिविधि से प्रभावित होकर अपने बच्चों को बहाई गतिविधि में भाग लेने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। बैठक में उपस्थित मित्रगण एवं अभिभावक काफी प्रसन्नचित मुद्रा में दिखे।

अलौली क्लस्टर के अलौली यूनिट में पाँचवीं समीक्षा बैठक का आयोजन 20 दिसम्बर, 2023 को उपक्षेत्रीय विकास सहयोगी के आवास पर किया गया। इस बैठक की शुरूआत कुछ प्रार्थनाओं एवं उद्धरणों से की गई। उपस्थित मित्रों ने विगत तीन माह का मूल्यांकन करते हुए वर्तमान में संचालित गतिविधियों व उससे संबंधित अनुभव एवं चुनौतियों को साझा किया तथा अग्रेत्तर त्रैमासिक योजना भी बनाई।

• बिहार राज्य के अलौली उपक्षेत्र के चार क्लस्टरों में महाद्वीपीय सलाहकार द्वारा 16 एवं 17 दिसम्बर, 2023 को भ्रमण किया गया, जिसमें उन्होंने पहले दिन दो क्लस्टरों क्रमशः साहेबपुर कमाल एवं बेगूसराय में भ्रमण के दौरान वहाँ के शिक्षक–अनुप्रेरक बैठक में शामिल हुए मित्रों को बताया कि कैसे बच्चों एवं किशोरों के अभिभावक को भौतिक शिक्षा के साथ–साथ आध्यात्मिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया जाए। चर्चा के क्रम में प्रभुधर्म के प्रसार व सुगठन से संबंधित विषयों को मित्रों के समक्ष रखा और साथ ही मूल–गतिविधियों के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डालते हुए उन्होंने पूछा कि कक्षा संचालित करना क्यों आवश्यक है? इस पर शिक्षकों ने कहा कि समाज में नकारात्मक सोच वाले व्यक्ति के कारण बच्चे अधिक प्रभावित हैं इसलिए आवश्यक है कि बच्चों के समुचित विकास एवं आध्यात्मिक प्रगति के लिए कक्षाएँ संचालित हों, क्योंकि ये कक्षाएँ बच्चों में गुणों एवं अभिवृत्तियों को विकसित करने में सहायक हैं।





अलौली में महाद्वीपीय सलाहकार के भ्रमण के दौरान मित्रगण अध्ययन करते हुए

दूसरे दिन के भ्रमण में गढ़पुरा क्लस्टर की तृतीय समीक्षा बैठक में महाद्वीपीय सलाहकार की विशेष उपस्थिति रही, जिसमें मित्रों ने पिछले चक्र में तैयार किए गए योजना से संबंधित कार्यों पर समीक्षात्मक वर्णन किया। शिक्षक–अनुप्रेरक ने अपनी कक्षा से संबंधित सीखों व अन्तर्दृष्टियों को मित्रों के साथ साझा किया और कक्षाओं के दौरान आ रहीं चुनौतियों को भी बताया, तत्पश्चात् बच्चों एवं किशोरों ने अपनी कक्षा में सीखी गईं प्रार्थना, उद्धरण, गीत एवं कहानी इत्यादि को प्रस्तुत किया।

अंत में महाद्वीपीय सलाहकार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्यों द्वारा जो सर्वोत्तम सेवा की जा सकती है, वह है बच्चों को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करना। साथ ही सेवा और उपासना के महत्व के बारे में भी लोगों के साथ चर्चा की। इस भ्रमण एवं समीक्षा बैठक में सहायक मंडल सदस्य, प्रशिक्षण संस्थान मंडल के सचिव, सोल के कार्यक्रम संयोजक के साथ–साथ उपक्षेत्रीय संयोजक एवं विकास सहयोगी भी उपस्थित रहे।

Regd. No. DELHIN / 1966 / 04204
Delhi P.S.O.

Delhi Postal Regd No. DL (ND) 11/6036/2024-25-26
Licensed to post without pre-payment No. U (C)-52/

मध्य प्रदेश में सम्पन्न वार्षिक योजना बैठक

मध्य प्रदेश की परिषद द्वारा पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी प्रदेश के समुदायसमूहों में चल रही विकास प्रक्रिया को गति प्रदान करने तथा नौ वर्षीय योजनाओं की अनिवार्यताओं को ध्यान में रखते हुए, समुदायसमूहों में विकास प्रक्रिया को गति प्रदान करने हेतु आध्यात्मिक सभाओं के सदस्यगण, समूह विकास समितियाँ, क्लस्टर एवं सबरीजन स्तर पर सेवारत कोर्डिनेटर, सामुदायिक विद्यालय और ट्यूटोरियल कक्षा के शिक्षकगणों की उपस्थिति पूरे तीन दिनों तक रही।

कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न



वार्षिक बैठक में भाग लेने वाले मित्रगण

इस वर्ष वार्षिक योजना एवं बजट सत्र कार्यक्रम 2024–25 का आयोजन संस्थाओं द्वारा गहन परामर्श उपरांत ग्वालियर सबरीजन के ग्वालियर समुदाय में 8 से 10 दिसम्बर, 2023 को आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के भोपाल, इन्दौर, महू, शाजापुर, नीमच, बदवार ग्वालियर, इन्द्रगढ़ बानमोर, जौरा और गौरमी समुदायसमूहों से लगभग 60 से 65 मित्रों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में सलाहकार महोदय और उनके सहायक मण्डल सदस्यगणों के साथ–साथ परिषद और प्रशिक्षण संस्थान मण्डल तथा मध्य प्रदेश में स्थित स्थानीय समुदायों से आए मित्रों के सहयोग से सुन्दर प्रार्थना और निगुढ़ वचन के पाठ से किया गया। उसके बाद परिषद द्वारा इस तीन दिवसीय विशेष बैठक में सभी उपस्थित मित्रों का स्वागत किया गया और स्थानीय आध्यात्मिक सभा ग्वालियर द्वारा सलाहकार महोदय का विशेष स्वागत और अभिनंदन किया गया। उसके बाद सभी मित्रों का परिचय हुआ और इस विशेष कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में परिषद द्वारा विस्तार से बतलाया गया कि इन तीन दिनों के दौरान हम क्या–क्या करने वाले हैं और कौन–सी नई सीख व अन्तर्दृष्टियाँ प्राप्त करने वाले हैं।

निवेदन

प्रिय मित्रों,

अपने समुदायसमूह में होने वाली मूल गतिविधियों की रिपोर्ट तथा प्रेरणादायक घटनायें फोटोग्राफ के साथ हमें समय–समय पर भेजते रहें, जिससे की हम उन्हें बहाई समाचार में प्रकाशित कर सकें।

धन्यवाद !

झारखण्ड में होने वाली गतिविधियाँ

पृष्ठ 1 का शेष

तत्वों का परिचय हुआ जो पाठ की विशेष अवधारणाओं और शब्दों की चर्चा से संबद्ध है, जबकि "चिन्तन" में मित्रों को इन अवधारणाओं के विस्तृत अर्थों को समझने का और इनसे जुड़े शब्दों में निहित अर्थ के विभिन्न पहलुओं को देखने का अवसर मिला। इन अध्यायों में जिन शब्दों और अवधारणाओं पर जोर दिया गया वह था, मित्रों को भाषा के स्वरूप के बारे में सोचने में सहायता करना। इस पुस्तक की प्रत्येक अवधारणा को पूरी सुरक्षा की निगरानी में परीक्षण के माध्यम से समझने का पूरा प्रयास किया गया। इस पुस्तक की अगली इकाई करने की योजना बनी। संयोजकों एवं अनुप्रेरकों ने बात की कि कुछ दिनों बाद नया वर्ष भी आने वाला है तो क्यों न हम अनुप्रेरकों को पिकनिक पर ले जाएं और वहीं पर बचे हुए भागों को समूहों में पूरा कराया जाए, जिससे किशोर भी उत्साह से पढेंगे। किशोरों से इस पर चर्चा करने पर वे काफी उत्साहित हुए और जाने की तैयारियों में जुट गए। एक जो समस्या थी किशोरों के अभिभावकों की आज्ञा लेना इसके लिए एक दिन दो दल बनाकर सभी किशोरों के अभिभावकों से भेंट की गई और उन्हें इस पिकनिक के उद्देश्य को



किशोर शिविर के प्रतिभागी

का अध्ययन करने हेतु मित्र अधिक उत्साहित हैं और आशा है कि यह जल्द ही पूरा होगा।

- जमशेदपुर क्लस्टर के जाकिर भट्ठा मोहल्ले के तीन अनुप्रेरकों के किशोर समूहों के साथ किशोर कार्यक्रम की पहली पुस्तक संपुष्टि की सुरभि अध्ययन के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। इस अध्ययन में लगभग 16 किशोर शामिल थे। संयोजकों ने महसूस किया कि इन अनुप्रेरकों का समूह कुछ समय से अनियमित रूप से चल रहा था, जिसके कारण पुस्तक समाप्त करने में काफी समय लग रहा था तो संयोजकों ने इन अनुप्रेरकों से अर्थपूर्ण वार्तालाप की और निर्धारित समय में पुस्तक को समाप्त करने के बहुमूल्य लाभ बताए, जिसके परिणाम स्वरूप इनकी कक्षाओं को किशोर शिविर के माध्यम से समाप्त

साझा किया गया, जिस पर सभी अभिभावक सहमत हुए और जाने की आज्ञा भी दे दी। इस पिकनिक में अनुप्रेरकों ने अभिभावकों को भी आमंत्रित किया, जिससे वे देख सकें कि उनके बच्चे क्या कर रहे हैं और क्या सीख रहे हैं। पिकनिक के दौरान लगभग 5 घंटे अध्ययन चला जिसके बीच में कुछ मनोरंजन कार्यक्रम जैसे–गीत, संगीत तथा खेल भी किए गए जिससे अध्ययन में उत्साह बना रहा। इस समय अंतराल में लगभग 5 भाग को समाप्त करते हुए पुस्तक को पूरा किया गया। पुस्तक समाप्ति पर सभी किशोर, संयोजक तथा अनुप्रेरक ने मिलकर पुस्तक की समीक्षा की और सीखों को साझा किया। किसी समूह को शिविर के माध्यम से पूरा करना यह झारखण्ड की पहली सीख थी, जो काफी लाभप्रद एवं प्रेरणादायक थी।

कुल पृष्ठ संख्या–4

बहाई समाचारपत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित फार्म – 4, नियम 8

समाचार का नाम : बहाई समाचारपत्र
रजि नं. : DELHIN / 1966 / 4204 यू नं. (C)-52/
डी.एल. DL (ND) 11/6036/2024-25-26
प्रकाशक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
(बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1)
प्रकाशन स्थान : बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1

मुद्रक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1
मुद्रण स्थान : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110020
उन व्यक्तियों के नाम जो समाचारपत्र स्वामी हों : राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को इसका स्वामित्व प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO Delhi on 10/11.01.2024
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg.
New Delhi - 110 001 - INDIA

सुशील कुमार द्वारा संपादित, प्रकाशित और मुद्रित समाचारपत्र का स्वामित्व राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–110001,
मुद्रण : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110 020 (सुशील कुमार : सम्पादक एवं प्रकाशक)